प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.11.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के वैश्विक सहकारिता सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता गठबंधन के 130 वर्षों के इतिहास में पहली बार वैश्विक सम्मेलन व आम सभा का आयोजन भारत में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला के चलौंठी में नवनिर्मित जिला परिषद भवन व पंचायत संसाधन केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इस भवन के बनने से उपायुक्त कार्यालय परिसर शिमला का बोझ कम होगा और विभिन्न कार्यालय अब चलौंठी शिफ्ट किए जाएंगे। इसके पश्चात वे राजकीय डिग्री कॉलेज कोटी के भवन सहित वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी के विज्ञान ब्लॉक का भी लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री का यहां जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी मौजूद रहेंगे।

शीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। 26 दिनों तक चलने वाले इस सत्र में 19 बैठकें होंगी। हालांकि कल 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी। संसद के दोनों सदनों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में विचार विमर्श के लिए कल नई दिल्ली में सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई और राजनीतिक दलों से सहयोग का आग्रह किया।

भोटा अस्पताल

हमीरपुर स्थित राधास्वामी सत्संग ब्यास चैरिटेबल अस्पताल भोटा की जमीन हस्तांतरण मामले में सरकार आगामी शीतकालीन सत्र में अध्यादेश लाएगी। ये बात मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समाजसेवा के कार्य में जुटी सत्संग ब्यास जैसी संस्थाओं के सहयोग के लिए सरकार कानून में परिवर्तन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस चैरिटेबल अस्पताल को स्तरोन्नत करने के लिए जमीन हस्तांतरण जरूरी है, जिसमें वर्ष 1972 का लैंड सीलिंग एक्ट बाधा दे रहा है। सरकार कानून में गुंजाइश ढूंढेगी और इस संबंध में शीतकालीन सत्र में अध्यादेश लाएगी।

## कांग्रेस बैठक

प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर आज से कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में दो दिवसीय बैठकों का दौर शुरू हो रहा है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव और हिमाचल कांग्रेस के सह प्रभारी विदित चौधरी और चेतन चौहान इन बैठकों में आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व पूर्व अध्यक्षों सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मंत्रणा करेंगे। ये नेता कल 26 नवंबर को कांग्रेस के अग्रणी नेताओं से भी बैठक करेंगे।

## एचपीटीडीसी सुनवाई

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के घाटे में चल रहे होटलों के मामले में आज उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। न्यायालय ने 19 नवंबर को 40 फीसदी से कम ऑक्यूपेंसी वाले 18 होटलों को बंद करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद न्यायालय इनमें से 9 होटलों को 31 मार्च तक संचालन की सशर्त छूट भी दे चुका है। अब बाकि बचे 9 होटलों के मामले पर आज बैंच में आगामी सुनवाई होगी। इस बीच आदेश के खिलाफ पर्यटन निगम ने हाईकोर्ट में अपील दायर की है।

## मौसम

प्रदेश के उंचाई वाले क्षेत्रों में बीते दो दिनों में हुई हल्की बर्फबारी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं मैदानी व मध्यम इलाकों में बारिश न होने के कारण मौसम शुष्क बना हुआ है। प्रदेश में सबसे अधिक ठंड ताबो में पड़ रही है जहां तापमान माइनस आठ दशमलव दो डिग्री सैल्सियस तक पहुंचा है। मौसम विभाग द्वारा प्रदेश में कई क्षेत्रों में 28 नवंबर तक घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार 30 नवंबर से उंचे इलाकों में बर्फबारी व वर्षा की संभावन फिर बन रही है।

## एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है हिमाचल के 13 शहरी निकायों में बनेंगे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट–25 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल बिल की बकाया राशि नहीं लेगी सरकार।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है घाटे में चल रहे एचपीटीडीसी के होटलों को लेकर हाईकोर्ट की खंडपीठ आज करेगी सुनवाई।

हमीरपुर में प्रदेश के पहले कैंसर संस्थान को केंद्र की सैद्वांतिक मंजूरी शीर्षक से अमर उजाला लिखता है 300 करोड़ की लागत से बनेगा यह संस्थान।

दैनिक सवेरा टाइम्स मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है नेरचौक अस्पताल में जल्द स्थापित होगी एमआरआई मशीन।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है उंची पहाड़ियों पर हिमपात, बारिश को तरसे मध्य व मैदानी इलाके। दैनिक भास्कर के अनुसार केलांग, कुकुमसेरी में बर्फबारी से ठंड बढ़ी, 29 तक साफ रहेगा मौसम, मैदानी क्षेत्रों में धुंध का अलर्ट।